माइक्रोसॉफ्ट उत्तर प्रदेश में एआई हब की करेगा स्थापना

उत्तर प्रदेश एआई राज्य के तौर पर होगा विकसित

लखनऊ/दावोस, 19 जनवरी, 2024:

गुरुवार को दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में **अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, श्री मनोज कुमार सिंह** के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में **माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक-कृषि एवं खाद्य तथा मुख्य तकनीकी अधिकारी, श्री रणवीर चंद्रा** ने राज्य में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब में निवेश एवं विकास की रूपरेखा पर चर्चा की।

इस अभूतपूर्व पहल में **माइक्रोसॉफ्ट ने जनरेशनल एआई** के उपयोग से कृषि से सबंधित एकीकृत कृषक नवाचार की पद्धतियों का नवीनीकरण करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने **कार्बन और ग्रीन क्रेडिट्स** के लिए ओपन मार्केट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा।

माइक्रोसॉफ्ट ने राज्य में कार्यदक्षता को बढ़ाने के लिए **डाटा प्रबंधन** के क्षेत्र में **माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन** से क्षमता विकास का भी प्रस्ताव रखा।